प्रेषक,

रवि कान्त ।।
अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (बलात्कार व पॉक्सो एक्ट),
कोर्ट संख्या 1, फतेहपुर।

सेवा में

श्रीमान् महा निबन्धक,
माननीय उच न्यायालय
इलाहाबाद।

द्वारा

श्रीमान् जनपद न्यायाधीश,
फतेहपुर।

विषय – वर्ष 2018 – 19 एवं वर्ष 2019–20 का, चल – अचल सम्पत्ति का, द्विवार्षिक विवरण भेजे जाने में हुए विलम्ब को क्षमा किये जाने के संबन्ध में –

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित विषय पर ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी द्वारा वर्ष 2018 – 19 एवं वर्ष 2019–20 का, चल – अचल सम्पत्ति का, द्विवार्षिक विवरण, कोरोना संक्रमण से जन जीवन व सामान्य व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो जाने के कारण, समय से नहीं भेजा जा सका है। विवरण भेजे जाने में जानबूझ कर विलंब कारित नहीं किया गया है। उक्त विवरण, निर्धारित प्रारुप पर भर कर, अब प्रेषित किया जा रहा है।

अतः श्रीमान् जी से करबद्ध निवेदन है कि विलंब क्षमा करते हुए, चल – अचल सम्पत्ति का, द्विवार्षिक विवरण, स्वीकार करने की कृपा करें। भविष्य में यह ध्यान रखा जायेगा कि चल–अचल सम्पत्ति का विवरण भेजने में कोई विलंब न हो।

सादर

दिनांक 07.12.2021 भवदीय

(रविकान्त ।।)
अपर जिला व सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश (बलात्कार व
पॉक्सो एक्ट),कोर्ट संख्या 1, फतेहपुर।

Digitally signed by Ravi Kant-II
Date: 2021.12.07 22:13:54 UTC
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court